(i) Printed Pages: 3 Roll No. ................................

(ii) Questions : 6

**Sub. Code : 0 5 0 7**

**Exam. Code : 0 0 0 6**

**B.A./B.Sc. (General) 6th Semester**

**(2054)**

**HINDI (Elective)**

**Time Allowed : Three Hours] [Maximum Marks : 90**

नोट :— (1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(2) प्रश्न न. **2** के (क) और (ख) भाग एक साथ करें।

1. निम्नांकित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए :—

(क) विश्वविद्यालयी शिक्षा में नैतिक मूल्यों की स्थिति

(ख) विकसित भारत का सपना : 2047

(ग) तकनीकी विकास और हिन्दी की स्थिति

(घ) साहित्य और समाज का संबंध

(ङ) छात्र राजनीति और जिम्मेदारियां

(च) कामकाजी नारी और उसकी समस्याएं

(छ) हिन्दी साहित्य में भारतीय सांस्कृतिक मूल्य

(ज) युवाओं में बढ़ती हिंसा और नशे की प्रवृत्ति। 20

2. (क) किसी एक अवतरण की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :—

(i) अब बहुत चाहता हूँ कि कोई मुझसे सेवा का काम ले। खुद आगे नहीं बढ़ सकता, लेकिन पीछे चलने को तैयार हूँ। पर मुझसे कोई काम लेने वाला भी नहीं, लेकिन आज वह रंग डालकर तुमने मुझे उस धिक्कार की याद दिला दी। ईश्वर मुझे ऐसी शक्ति दे कि मैं मन में ही नहीं, कर्म में भी मनहर बनूँ।

(ii) भ्रष्टाचार और सदाचार मनुष्य की आत्मा में होता है; बाहर से नहीं होता। विधाता जब मनुष्य को बनाता है तब किसी की आत्मा में ईमान की कल फ़िट कर देता है और किसी की आत्मा में बेईमानी की। इस कल में से ईमान या बेईमानी के स्वर निकलते है, जिन्हें 'आत्मा की पुकार' कहते हैं। आत्मा की पुकार के अनुसार ही आदमी काम करता है।

6

(ख) किसी एक प्रश्न का उत्तर दें :—

(i) 'अकेली' कहानी के आधार पर समझाइए कि 'सोमा बुआ आज के समय में अकेली होती उपेक्षित स्त्री का जीवंत रूप है।'

(ii) 'सुभान खां' संस्मरणात्मक रेखाचित्र के आधार पर समझाइए कि 'सुभान खां' साम्प्रदायिक सद्भाव और एकता के प्रतीक है। 10

3. निम्नांकित में से किन्हीं दो गद्य विधाओं के विकास को समझाइए :—

(क) हिन्दी कहानी का उद्भव और विकास

(ख) हिन्दी निबंध का उद्भव और विकास

(ग) हिन्दी संस्मरण का उद्भव और विकास

(घ) हिन्दी आत्मकथा का उद्भव और विकास। 12+12=24

4. किन्हीं तीन छंदों के लक्षण और उदाहरण लिखें :—

दोहा, सोरठा, सवैया, हरिगीतिका, रोला। 3×5=15

5. किसी एक प्रश्न का उत्तर दें :—

(i) देवनागरी लिपि के उद्‌भव और विकास को समझाते हुए उसके नामकरण की सार्थकता सिद्ध कीजिए।

(ii) देवनागरी लिपि एक वैज्ञानिक लिपि है। इस कथन को ध्यान में रखते हुए देवनागरी लिपि के गुणों का मूल्यांकन कीजिए। 10

6. निम्नांकित में से किसी **एक** का प्रारूपण तैयार कीजिए :—

(i) आपके महाविद्यालय में होने वाले दीक्षांत (कन्वोकेशन) समारोह में सम्मिलित होने के लिए एक निमंत्रण-पत्र तैयार कीजिए।

(ii) 'मकान बिकाऊ है' विषय पर एक विज्ञापन तैयार कीजिए। 5